तापमान

अधिकतम 45 .0 डिग्री
न्यूनतम 26 .0 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, बुधवार, 11 जून 2025

11 बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने रेवाड़ी में पूर्वोत्तर की संस्कृति का करवाया परिचय



12 कायाकल्प से भव्य नजर आने लगा रेवाड़ी जक्शन, तेजी गति से चल रहा पुनर्विकास कार्य



## खबर संक्षेप

### सीहा रेलवे फाटक पर से बाइक चोरी

**डहीना।** सीहा रेलवे फाटक के पास खड़ी एक बाइक चोरी हो गई। जीआरपी को दर्ज शिकायत में अमित कुमार ने बताया कि वह रेलवे फाटक पर मौजूद था। उसकी बाइक फाटक के पास ही खड़ी की हुई थी। मौका पाकर चोर उसकी बाइक लेकर फरार हो गए। उसने आसपास काफी पूछताछ की, परंतु उसकी बाइक का कोई पता नहीं चल सका। उसने ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर जीआरपी रेवाड़ी ने चोरी का केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी।

### कार की टक्कर लगने से एक घायल

**रेवाड़ी।** सूंदरोज बस स्टैंड पर सड़क पार कर रहा एक व्यक्ति कार की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। ढाणी सूंदरोज निवासी प्रदीप कुमार व उसका बेटा दीपक रंग पेंट का कार्य करते हैं। दोनों रेवाड़ी से ऑटो में अपने गांव जा रहे थे। सूंदरोज बस स्टैंड पर ऑटो से उतरने के बाद रोड पार करते समय प्रदीप को एक कार ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके बेटे ने उसे अस्पताल पहुंचाया। रामपुरा पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद कार चालक की तलाश शुरू कर दी।

### घर के सामने खड़ी बाइक ले गए चोर

**बालव।** सुठाना में रात के समय चोर एक मकान के सामने खड़ी बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में यूपी के छत्रपुर निवासी रामवीर ने बताया कि वह सुठाना में कर्मबीर के मकान में किराए पर रह रहा है। उसने रात को अपनी बाइक मकान के बाहर खड़ी की थी। सुबह जब वह उठकर बाहर आया तो उसे बाइक नहीं मिली। काफी पूछताछ करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चल सका। कसोला पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### अनाज मंडी में मुनीम की बाइक चोरी

**रेवाड़ी।** अनाजमंडी में चोर दिनदहाड़े एक ट्रांसपोर्ट ऑफिस के बाहर खड़ी मुनीम की बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में नई बस्ती निवासी नवरत्न सैनी ने बताया कि वह एक मंडी में मुनीम का कार्य करता है। बाइक लेकर अनाजमंडी आने के बाद उसने अपनी बाइक एक ट्रांसपोर्ट कंपनी के ऑफिस के बाहर खड़ी की थी। दोपहर के समय उसे बाइक नहीं मिली। काफी छानबीन करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चला। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज कर लिया।

### टैक्टर की टक्कर से बाइक चालक घायल

**धारूहेड़ा।** खटावली-मसानी रोड पर ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक चालक घायल हो गया। खटावली निवासी नरेंद्र बाइक लेकर किसी काम से मसानी जा रहा था। मसानी नहर से थोड़ा आगे निकलते ही ट्रैक्टर ट्रॉली ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में वह सड़क पर गिरकर घायल हो गया। खलियावास निवासी पवन ने उसे अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने उसके बयान पर केस दर्ज करने के बाद ट्रैक्टर चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

### कोर्ट से घोषित एक पीओ के खिलाफ केस दर्ज

**रेवाड़ी।** थाना मॉडल टाउन पुलिस ने कोर्ट से घोषित एक पीओ के खिलाफ केस दर्ज किया है। सरकार बनान कृष्ण सैनी मामले में कोर्ट ने लगातार अनुपस्थित रहने पर कृष्ण सैनी निवासी कंपनी बाग को पीओ घोषित किया था। कोर्ट ने 2 जून को उसके खिलाफ केस दर्ज करने और उसकी संपत्ति का ब्योरा एकत्रित करने के आदेश पुलिस को दिए थे। पुलिस ने कोर्ट से मिले आदेशों के अनुसार कृष्ण सैनी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। आरोपी की संपत्ति का ब्योरा एकत्रित किया जा रहा है।

### एक बस से रोडवेज को मिल रहे प्रतिदिन 30 हजार, यात्रियों की भीड़ के बावजूद दूसरी बस नहीं

# अच्छा राजस्व देने वाले रूटों पर परमिट की बाधा एक्सट्रा बसों का संचालन करने में विभाग फेल

■ अलीगढ़ रूट पर बसों की संख्या बढ़ाने के लिए यात्रियों ने प्रदेश के परिवहन मंत्री को भी पत्र लिखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रोडवेज डिपो के लिए कई लंबे रूट भारी राजस्व अर्जित करने वाले साबित हो रहे हैं। इसके बावजूद परमिट के अभाव में विभाग इन रूटों पर अतिरिक्त बस नहीं चला पा रहा। ऐसे रूटों पर यात्रियों की संख्या भी काफी अधिक रहती है। बसों की संख्या सीमित होने के कारण लंबे रूटों पर भी यात्रियों को खड़े-खड़े सफर तय करना पड़ रहा है। अलीगढ़ रूट पर बसों की संख्या बढ़ाने के लिए यात्रियों ने प्रदेश के परिवहन मंत्री को भी पत्र लिखा है। दूसरे राज्यों में प्रदेश की रोडवेज बसों को भेजने के लिए संबंधित राज्य से परमिट लेना पड़ता है। परमिट दूसरे राज्य के परिवहन विभाग के साथ किए गए एग्रीमेंट के आधार पर दिया जाता है। उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ के लिए सुबह एक बस रोजाना 7:40 बजे रवाना होती है। इस बस में इतनी भीड़ होती है कि पलवल तक बड़ी संख्या में यात्रियों को खड़े होकर सफर तय करना पड़ता है। इस बस से पलवल तक रास्ते में पड़ने वाले सोहना, भिवाड़ी व तावडू के यात्री भी दैनिक आवागमन करते हैं। बस स्टैंड के बूथ पर लगते ही बस तुरंत भर जाती है। इसके बाद यह बस 344 किलोमीटर की सफर तय करते हुए अलीगढ़ पहुंचती है। रोडवेज के आंकड़ों के अनुसार इस बस से वापसी में बड़ी संख्या में यात्री आते हैं, जिस कारण दैनिक 30 से 35 हजार रुपये का राजस्व मिलता है। विभाग की पुष्कर और शिमला जैसे लंबे रूटों पर जाने वाली बसों से भी लगभग इस बस के बराबर ही राजस्व मिलता है, लेकिन इन बसों की दूरी लगभग एक हजार किलोमीटर तक है। किलोमीटर के हिसाब से अलीगढ़ रूट पर चलने वाली रिसीट प्रति किलोमीटर के हिसाब से सर्वाधिक राजस्व देने वाली है। ऐसे में अगर एक घंटे के अंतराल में एक और बस संचालित हो जाए, तो इस रूट पर यात्रियों को सही सुविधा मिल सकती है। साथ ही इससे विभाग के राजस्व में और वृद्धि हो सकती है।




**रेवाड़ी।** अलीगढ़ रूट की बस में चढ़ते हुए यात्रियों की भीड़। **फोटो :हरिभूमि**

#### बड़ी संख्या में यात्रियों का आवागमन

यूपी का अलीगढ़ जिला हरियाणा की सीमा के साथ सटा हुआ है। यूपी से बड़ी संख्या में श्रमिकों का आवागमन होता रहता है। राजस्थान के भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र से भी यात्रियों इस बस से आवागमन होता है। यूपी के इस इलाके में हरियाणा की रिश्तेदारियां भी काफी हैं, जिस वजह से लोगों का आना-जाना बना रहता है। समाजसेवी हरविंद्र सिंह रंगा, दिनेश कुमार, प्रवीण, जगफूल व रोहित आदि ने परिवहन मंत्री अनिल विज से मांग की है कि अलीगढ़ रूट पर एक और बस सेवा शुरू की जाए, ताकि यात्रियों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

#### दूसरे स्टेट से परमिट आसान नहीं



*दूसरे स्टेट से परमिट एग्रीमेंट के आधार पर मिलता है। इस रूट पर दूसरा परमिट मिलना आसान नहीं है, इसलिए अभी अतिरिक्त बस नहीं चलाई जा सकती। अगर परमिट मिलता है, तो ही अतिरिक्त बस चलाई जा सकती है।*

*-प्रदीप अहलावत, जीएम।*

#### परमिट के बावजूद बस सेवा की बंद

रोडवेज विभाग की ओर से गत वर्ष राजस्थान के खाटूश्यामजी धाम के लिए कोसली से सीधी बस सेवा शुरू की थी। राजस्थान से इस बस के लिए परमिट भी लिया हुआ है। विभाग की ओर बीते माह इस बस सेवा को बंद कर दिया गया है, जिससे खाटूश्यामजी जाने वाले श्याम प्रेमियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विभाग इसके लिए बस के घाटे में चलने का तर्क दे रहा है, झज्जर, पलवल और फरीदाबाद डिपो की बसों का नियमित संचालन हो रहा है।

## पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हो गया खुलासा जहरीले पानी से हुई गायों की मौत

■ पुलिस केस में कंपनी का नाम नहीं किया शामिल, इसके लिए पानी के सैंपलों की रिपोर्ट का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

बनीपुर के पास गत 6 जून को गड्ढे में एकत्रित कंपनियों का पानी पीने से हुई गायों की मौत मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि पानी जहरीला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद पुलिस ने कई धाराओं के तहत केस तो दर्ज कर लिया, परंतु इसमें कंपनी विशेष का नाम नहीं दिया गया है। इसके लिए पुलिस पानी के सैंपलों की रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है। एक कंपनी के बिना प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड की एनओसी के संचालित होने की जानकारी भी सामने आ रही है, जिसने प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड की भूमिका पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। बनीपुर के जंगल एरिया में छोड़े जा रहे कंपनियों के अनट्रीट पानी से एक के बाद एक 13 गायों की मौत हो गई थी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई थी।



**रेवाड़ी।** जहरीले पानी से बीमार गाय का उपचार करते हुए। फाईल फोटो।

पशुपालन विभाग के डॉक्टरों ने पानी पीने से बीमार हुई गायों का उपचार भी शुरू किया था, परंतु इस दौरान पांच गायों ने दम तोड़ दिया था। गायों की मौत के बाद पशुपालन विभाग के डॉक्टरों धीर सिंह स्वामी, डा. अमित कुमार व डा. विनीता यादव ने मृत गोवंश का पोस्टमार्टम किया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह बात सामने आई है कि गोवंश की मौत जहरीला पानी पीने से हुई थी। इसके बाद बावल थाना पुलिस ने पशुपालकों खेड़ा मुरार निवासी रणबीर व मनीष की शिकायत पर विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस ने केस में किसी कंपनी विशेष का नाम शामिल नहीं किया है। पुलिस का तर्क है कि दूषित पानी कई कंपनियों का है, जिस कारण किसी एक कंपनी के खिलाफ केस दर्ज नहीं किया गया है। घटना के बाद हरकत में आए हरियाणा राज्य प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के अधिकारियों की टीम भी मौके पर पहुंच गई थी। बताया जा रहा है कि एक कंपनी ने बोर्ड से एनओसी तक नहीं ली हुई थी। अधिकारियों से सेटिंग के आधार पर कंपनी बिना एनओसी लिए चलती रही।

#### अभी कंपनी का नाम शामिल नहीं



कई कंपनियों का पानी गड्ढे में एकत्रित होता है। ऐसे में यह तय नहीं हुआ है कि किस कंपनी के पानी से गायों की मौत हुई है। प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड ने तीन कंपनियों के पानी के नमूने जांच के लिए भेजे हुए हैं। उनकी रिपोर्ट के बाद ही तय होगा कि किस कंपनी के पानी से गायों की मौत हुई। इसके बाद संबंधित कंपनी के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

-संजय कुमार, एसएचओ, बावल।

## रेलवे स्टेशन के गेट पर ऑटो चालकों की मनमानी रास्ता साफ करवाने के लिए पुलिस का बल प्रयोग

■ ट्रेन आते ही गेट के एक हिस्से को कर देते हैं बंद, पुलिस की सख्ती पर शुरू कर दी आरोपों की बौछार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रेलवे स्टेशन के गेट पर ऑटो चालकों की मनमानी सिर चढ़कर बोल रही है। जैसे ही किसी ट्रेन के आने का समय होता है, मेन गेट पर ऑटो चालक अपने वाहन अड़ा देते हैं। इससे वाहनों का निकलना तो दूर, पैदल यात्रियों का निकलना भी मुश्किल बन जाता है। आम लोगों को ऑटो चालकों के इस रवैये से भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। मंगलवार को पुलिस ने जब सख्ती से काम लिया, तो ऑटो चालकों ने पुलिस पर ही मंथली वसूलने के आरोप जड़ने शुरू कर दिए। पुलिस के हल्का बल प्रयोग के बाद कुछ ऑटो चालक ट्रॉमा सेंटर में दाखिल हो गए। रेलवे स्टेशन की परिधि में आरपीएफ ने ऑटो का प्रवेश बंद कर दिया है। इससे पहले स्टेशन के अंदर बड़ी संख्या में ऑटो खड़े रहते थे। अब ऑटो चालकों ने स्टेशन के मेन गेट को ठिकाना बना दिया है। गेट के पास बड़ी संख्या में ऑटो खड़े कर दिए जाते हैं, जिससे पैदल यात्रियों तक का निकलना मुश्किल बना रहता है। ट्रेन के आने का समय होते ही ऑटो इस तरह से फंसाकर खड़े कर दिए जाते हैं कि वहां से साइकिल तक निकालने का रास्ता नहीं बचता। सवारियां उठाने की होड़ में ऑटो चालक एक-दूसरे के बराबर और आगे ऑटो लगाते हैं। रास्ते अवरुद्ध होने के कारण यात्रियों को हर दिन गेट से निकलने में ही भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। मंगलवार को रेलवे स्टेशन के गेट से लेकर रेलवे चौक तक जाम लगा होने के कारण ईआरवी मौके पर पहुंच गई। पुलिस के जवानों ने हल्का बल प्रयोग किया, तो कई ऑटो चालक ट्रॉमा सेंटर में दाखिल हो गए।





**रेवाड़ी।** रेलवे स्टेशन के गेट को रोककर खड़े ऑटो रिक्शा, पिटाई में घायल हुआ ऑटो चालक चोट दिखाते हुए। **फोटो :हरिभूमि**

#### पुलिस पर जड़े मारपीट करने के आरोप

रेलवे स्टेशन के गेट से बाहर का एरिया सिटी पुलिस के अंतर्गत आता है। आरपीएफ स्टेशन में घुसने वाले ऑटो चालकों को खदेड़ देती है, तो वह गेट पर कब्जा जमा लेते हैं। बताया जा रहा है कि लोगों की शिकायत पर पुलिस गेट के पास रास्ता अवरुद्ध करने वाले ऑटो चालकों को खदेड़ने के लिए गई थी। इस दौरान कुछ ऑटो चालकों ने पुलिस का विरोध किया। इस दौरान पुलिस ने भी उनके साथ 'दो-दो हाथ' कर दिए। इससे कुछ ऑटो चालकों को चोटें आने की चर्चा है। बाद में गुस्साए ऑटो चालकों ने पुलिस पर दबाव बनाने के लिए मंथली वसूलने के आरोप लगाने शुरू कर दिए। ट्रॉमा सेंटर में दाखिल ऑटो चालकों ने पुलिस पर दुर्व्यवहार करने और मारपीट करने के आरोप लगाए हैं।

### पद का दुरूपयोग करने पर डहीना की सरपंच पिंकी निलंबित

**रेवाड़ी।** डीसी अभिषेक मीणा ने जिले के खंड डहीना की ग्राम पंचायत डहीना की महिला सरपंच पिंकी को हरियाणा पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 51(1) ए के तहत निलंबित किया है। सरपंच पर आरोप हैं कि उन्होंने खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी डहीना की ओर से बार-बार निर्देशित करने पर अपने रास्ते से ईंट व मलबा नहीं हटवाया और उच्च अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना की। सरपंच ने निजी भूमि में बिना निजी मालिकों की सहमति पंचायत के हक में बिना रजिस्ट्री कराए पंचायत के खर्चे पर टाईले बिछाकर सरकार की ओर से जारी नियमों की अवहेलना, कर्तव्य पालन में कोताही व पद का दुरूपयोग किया। डीसी ने पिंकी को ग्राम पंचायत की किसी भी बैठक में भाग न लेने और उनके पास जो भी चार्ज व सम्पत्ति है, उसको तुरंत किसी बहुमत वाले पंच को सौंपने के निर्देश दिए है।

## बिरेंद्र हत्याकांड में चार आरोपी किए गिरफ्तार

■ मामले के दो आरोपी अभी भी पुलिस गिरफ्त से बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

रविवार की रात भाकली में गोली मारकर की गई बिरेंद्र की हत्या के मामले में कोसली थाना पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। मामले के दो आरोपी अभी भी पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपियों से वारदात में प्रयुक्त हथियार बरामद करेगी। बिरेंद्र अपने बेटे आर्मी में तैनात पवन कुमार को रात के समय रेलवे स्टेशन पर छोड़कर घर लौट रहा था। इसी दौरान भरत, दीपक व चार अन्य लोगों ने उसे घर के पास ही रोक लिया। इसके बाद उसके व उसके परिवार की महिलाओं के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। इससे पूर्व मार्च माह में बिरेंद्र का भरत के साथ एक शादी समारोह में झगड़ा हो गया था। भरत ने अपने साथियों के साथ मिलकर बिरेंद्र के साथ मारपीट की थी। बिरेंद्र ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराया था, जिससे दोनों पक्षों के बीच रंजिश बन गई थी। मारपीट करते समय बिरेंद्र को गोली मार दी गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में भरत के भाई दीपक, राहुल उर्फ सीडी, कुलदीप और विनय को गिरफ्तार किया है।



**रेवाड़ी।** गिरफ्तार किए गए आरोपी, पत्रकारों से बातचीत करते हुए डीएसपी कोसली।

#### जल्द काबू किए जाएंगे दो आरोपी

कोसली डीएसपी विद्यानंद ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि गिरफ्तार किए गए चार आरोपियों में से दो के खिलाफ पहले भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। यह आरोपी कुलदीप और राहुल हैं। राहुल के खिलाफ 7 और कुलदीप के खिलाफ 9 मामले दर्ज हैं। अकेले कुलदीप के खिलाफ कई अभियोग दर्ज हैं। पुलिस की टीमें मामले के दो अन्य आरोपियों की तलाश कर रही हैं। इनमें मुख्य आरोपी भरत भी शामिल है। उन्हें भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### चार किसानों के ट्यूबवेल से बिजली की केबल चोरी

**रेवाड़ी।** करावरा मानकपुर में चोर रात के समय चार किसानों के ट्यूबवेल से बिजली की केबल चोरी कर ले गए। रोहड़ाई थाना पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद चोरी का केस दर्ज कर लिया। पुलिस शिकायत में बलजीत ने बताया कि उसने अपने खेत में सोलर आधारित पंप सेट लगवाया हुआ है। सुबह के समय जब वह अपने खेत में गया तो स्टार्टर से लेकर पंप सेट तक की केबल गायब मिली। उसने आसपास पूछताछ की तो पड़ोस में रहने वाले सतबीर, लालसिंह व राहुल ने बताया कि चोर उनके ट्यूबवेल से भी बिजली की केबल चोरी कर ले गए। उसकी शिकायत पर पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना करने के बाद चोरी का केस दर्ज कर लिया। किसानों ने बताया कि इस एरिया में केबल चोरी की घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं। केस दर्ज करने के बाद बावजूद पुलिस चोरों का पता नहीं लगा सकी है। यही कारण है कि चोर बार-बार किसानों को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

### दो दिन बाद तापमान में कमी आने की संभावना, बरसात के अभी नजर नहीं आ रहे आसार

# गर्मी के तेवर और हुए तल्ख, तापमान 45 डिग्री पर पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जून माह के दूसरे सप्ताह में गर्मी अपने पूरे रंग में नजर आने लगी है। तापमान 20 दिनों के बाद 45.0 डिग्री सेल्सियस पर आने से गर्म हवाओं ने लोगों को घरों में दुबके रहने पर मजबूर कर दिया है। दो दिन बाद तापमान में मामूली गिरावट आने की संभावना जताई जा रही है, जबकि इस सप्ताह बारिश के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। जून के पहले सप्ताह में आसमान में बादल और बार-बार बूंदाबांदी के चलते मौसम ठंडा बना रहा था। 5 जून तक पारा 40.0 डिग्री सेल्सियस से नीचे बना रहा था, जिससे लोगों को गर्मी के मौसम में भी ठंड का अहसास होने लगा था। जून के दूसरे सप्ताह में तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है। 6 जून को तापमान 40 डिग्री के पार पहुंचा था। इसके बाद लगातार इसमें वृद्धि हो रही है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 0.5 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 45.0 डिग्री पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान 2.5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ 26.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे रात के समय भी गर्मी ने एक बार फिर से पसीने छुड़ाने शुरू कर दिए हैं। दोपहर बाद तक भारी गर्मी के कारण लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल बना रहता है, जिससे बाजार में सन्नाटा छाया रहता है। सुबह और शाम के समय ही लोग घरों से बाहर निकलते हैं। गर्म हवाएं लोगों को जमकर परेशान कर रही हैं। मौसम विभाग के अनुसार दो दिन तक पारा और चढ़ सकता है। इसके बाद तापमान में मामूली गिरावट आ सकती है। इस सप्ताह बारिश की कोई संभावना नहीं है, जबकि अगले सप्ताह मौसम में बदलाव आ सकता है।






**रेवाड़ी।** एक खेत में खड़ी हरे चारे की फसल, मंगलवार को दोपहर 2 बजे लू के थपेड़ों से बचाव करती युवतियां। **फोटो :हरिभूमि**

#### पांच लाख यूनिट तक बढ़ी बिजली खपत

गर्मी बढ़ने के साथ ही बिजली की खपत तेजी से बढ़ना शुरू हो गई है। तीन दिन के दौरान इसमें पांच लाख यूनिट तक की वृद्धि हुई है। तापमान इसी तरह बढ़ता रहा, तो बिजली की खपत बढ़कर 90 लाख यूनिट तक पहुंच सकती है। अभी तक लोगों को पावर कटों से राहत मिली हुई थी, परंतु खपत बढ़ने के बाद पीक अवर्स में पावर कटों का सामना भी करना पड़ सकता है। जिन किसानों ने कपास व बाजरे की बिजाई की हुई है, वह अब सिंचाई से फसलों को बचाने में लगे हुए हैं। इससे कृषि क्षेत्र में भी बिजली की मांग बढ़ने लगी है।


### घर में घुसकर परिवार पर हमला, कई लोगों के खिलाफ केस दर्ज

**रेवाड़ी।** मोहल्ला रामबास में घर में घुसकर परिवार के सदस्यों पर हमला करने के आरोप में पुलिस ने कई लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। हमले में घायल महिला के बयान पर पुलिस ने कई आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस बयान में संतोष देवी ने बताया कि रात को वह अपने परिवार के सदस्यों के साथ आराम कर रही थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले हिमांशु व उसके परिवार महिलाओं ने गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। उसके बेटे विकास ने उन्हें गालियां देने से मना किया, तो हिमांशु ने अपने चार-पांच साथियों को बुलाकर घर में आकर उन पर हमला कर दिया। बच्चों ने डर के मारे कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। इन लोगों ने कमरे का दरवाजा भी तोड़ दिया। इसी दौरान डायल-122 पर फोन करने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई।



# जासूस बन मर्डर की गुत्थी सुलझाने निकले दिलजीत

**मुंबई।** एक्टर और सिंगर दिलजीत दोसांझ की फिल्म 'डिटेक्टिव शेरदिल' का ट्रेलर मंगलवार 10 जून को रिलीज किया गया। फिल्म में दिलजीत एक जासूस की भूमिका में हैं, जो एक मर्डर केस की गुत्थी सुलझाते हैं। फिल्म में सस्पेंस का डोज है तो कॉमेडी के भी छींटे हैं। रवि छाबड़िया के निर्देशन में बनी इस फिल्म को अली अब्बास जफर ने प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज होगी। दिलजीत एक अनोखे डिटेक्टिव के रूप में नजर आए हैं। वे फिल्म में बोमन ईरानी के किरदार के मर्डर की गुत्थी सुलझाते हैं। गंभीर किरदार को भी उन्होंने इस तरह अदा किया है कि दर्शकों को हंसने के भरपूर मौके मिलेंगे।



लाइफ Style

# जैस्मिन

## ताना मारने वालों को जमकर लताड़ा

जैस्मिन भसीन और अली गोनी अब लिव-इन रिलेशनशिप में रहते हैं। वे कई साल से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। कई बार जैस्मिन को आलोचना का सामना करना पड़ता है, क्योंकि अली मुस्लिम हैं और वो हिंदू।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अब इस पर जैस्मिन ने करारा जवाब दिया है और बोलती बंद कर दी है। टीवी एक्ट्रेस जैस्मिन भसीन किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। टीवी का उनका सफर अब पंजाबी फिल्मों तक पहुंच गया है और वो बॉलीवुड में भी कदम रखने के लिए कमर कस रही हैं। वो अक्सर बॉयफ्रेंड अली गोनी के साथ अपने रिश्ते को लेकर चर्चा में रहती हैं। उन्होंने हाल ही में इस पर बात की और धर्म के आधार पर उन्हें ट्रोल करने वालों को भी करारा जवाब दिया है। जैस्मिन ने अपने रिश्ते पर लोगों की राय पर भी चुप्पी तोड़ी। खासकर इसलिए, क्योंकि दोनों का धर्म अलग है।

उन्होंने कहा, 'ये रिश्ता हम दोनों के बीच है। हमारे बीच अंडरस्टैंडिंग है। हमने ये बातचीत की है। हम एक कॉमन ग्राउंड पर पहुंच गए हैं, हमने एक-दूसरे को वैसे ही स्वीकार कर लिया है, जैसे हम हैं। हम अपने बीच सुलझे हुए हैं। इसलिए किसी की राय मायने नहीं रखती। फिर भी, अगर लोग निगेटिव राय देते हैं, जो हमारे रिश्ते को प्रभावित कर सकती है, तो उन्हें शर्म आनी चाहिए। दुनिया को प्यार और पॉजिटिविटी की जरूरत है। अगर दो लोग खुश हैं तो दूसरे अपने बेवकूफी भरी राय अपने पास रख सकते हैं।

हॉलीवुड मसाला



# निक ने मुझे छोड़ा, पसंद करती हूं

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार माइली साइरस कभी सिंगर निक जोनस को डेट करती थीं, जिन्होंने बाद में प्रियंका चोपड़ा के साथ घर बसा लिया। माइली साइरस ने अब एक इंटरव्यू में निक जोनस संग अपने रिश्ते और ब्रेकअप पर खुलकर बात की है। माइली अब 'समथिंग ब्यूटीफुल' से कमबैक कर रही हैं। दोनों 2009 में भी साथ थे, पर बीच-बीच में उनका रिश्ता टूटता-जुड़ता रहा। ग्रैमी अवॉर्ड विनर माइली साइरस ने कहा, 'मुझे निक जोनस पसंद है। मैं उससे प्यार करती हूं।



# दुआ से 5 साल छोटी हैं हमशक्ल बहन रीना...

**लॉस एंजिल्स।** ग्लोबल सेंसेशन और सिंगर दुआ लीपा की बहन रीना लीपा चर्चा में हैं। उन्हें देखकर सभी हैरान हैं। फैंस का कहना है कि रीना एकदम दुआ की तरह ही दिखती हैं। हमशक्ल लगती हैं। उनके पोस्ट वायरल हो रहे हैं। बता दें कि दुआ से रीना 5 साल छोटी हैं। फेमस सिंगर दुआ लीपा की छोटी बहन रीना लीपा सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोर रही हैं। उन्होंने अपनी बहन दुआ के साथ एक फोटो शेयर की और ये रातोंरात वायरल हो गई। उन्हें देखकर फैंस चौंक गए हैं। उनका कहना है कि दोनों हुबहू एक जैसी दिख रही हैं। इस पोस्ट के बाद ही फैंस को पता चला कि दुआ की एक बहन है, जो बिल्कुल उनकी तरह दिखती हैं। दोनों बहनों के वेकेशन की फोटो को 9 मिलियन से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं।



# श्री महाकालेश्वर मंदिर के किए दर्शन...

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर महेश मांजरेकर की बेटी सई मांजरेकर ने मंगलवार को सोशल मीडिया हैंडल पर श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर की कुछ खास तस्वीरें और वीडियो शेयर की हैं। इसके साथ ही उन्होंने एक नोट भी लिखा है। फिल्म 'दबंग 3' से बॉलीवुड में अपने अभिनय कॅरियर की शुरुआत करने वाली एक्ट्रेस सई मांजरेकर ने इंस्टाग्राम पर मंदिर से अपनी कई शानदार तस्वीरें और वीडियोज शेयर किए हैं। यह सभी तस्वीरें और वीडियोज श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर के हैं। उन्होंने इस खास पोस्ट के साथ कैप्शन में लिखा, 'बहुत अच्छा दिन।' श्रीमहाकालेश्वर मंदिर, उज्जैन में है। यह मंदिर भारत में 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है। जहां महाकाल विराजमान हैं। महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग शिव को समर्पित एक हिंदू मंदिर है और बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक है।



# द दिल्ली फाइल्स का बदला टाइटल...

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री के दिग्गज निर्देशक और निर्माता विवेक अग्निहोत्री इस समय अपनी आगामी फिल्म द दिल्ली फाइल्स से चर्चा में हैं। हालांकि, अब इस फिल्म को नए टाइटल के साथ रिलीज किया जाएगा। डायरेक्टर ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि अब फिल्म का नाम द बंगाल फाइल्स होगा। टाइटल बदलाव के ऐलान के साथ ही निर्देशक ने 'द बंगाल फाइल्स' फिल्म को लेकर दो और बड़ी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि फिल्म का टीजर 12 जून को 12 बजे दोपहर में रिलीज किया जाएगा। यह फिल्म सिनेमाघरो में 5 सितंबर को दस्तक देगी। द बंगाल फाइल्स को पहले स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को रिलीज किया जाना था, जिसे अब बदल दिया गया है। विवेक अग्निहोत्री को लीग से हटकर फिल्में बनाने के लिए जाना जाता है।

टीवी मसाला



# डॉक्टर सालुंखे ने छोड़ दिया सीआईडी

**नई दिल्ली।** टीवी की दुनिया का पॉप्युलर शो सीआईडी दर्शकों द्वारा पसंद किया जा रहा है। 1998 से 2018 तक चले इस शो को 2025 में फिर से ऑन एयर किया गया। हाल ही में शिवाजी साटम को पार्थ समथान ने रिप्लेस किया था, जिसके बाद खूब बवाल मचा था तो एसीपी प्रद्युम्न को वापस लाया गया था। अब खबर है की इस शो को डॉक्टर सालुंखे भी छोड़कर जा रहे हैं। जिसके बाद लोगों का गुस्सा मेकर्स पर फूट पड़ा है। टीवी शो सीआईडी में शिवाजी साटम, ऋषिकेश पांडे, दयानंद शेट्टी, जानवी छेड़ा, श्रद्धा मुसले, आदित्य श्रीवास्तव, नरेंद्र गुप्ता समेत अन्य कलाकार अलग-अलग किरदार में हैं। लोग नए सीजन और इसकी कहानी को भी खूब पसंद कर रहे हैं। पहले शिवाजी साटम की एग्जिट दिखाई गई। और पार्थ समथान को उनकी जगह पर कास्ट किया गया। हालांकि, बाद में कहानी में मोड़ लाया गया और डॉक्टर सालुंखे को देशद्रोही बताया गया और उनको गिरफ्तार कर लिया गया। डॉक्टर सालुंखे का किरदार नरेंद्र गुप्ता निभा रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी के बाद उनका शो से सफर खत्म हो गया है। अब वह शो में दिखाई नहीं देंगे। अब उनके जाने से फैंस नाखुश हैं। वह मेकर्स पर बेतुके ट्विस्ट लाने के कारण गुस्सा जाहिर कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, आपने सीआई 2 टीम के साथ क्या किया? आपने डॉक्टर सालुंखे को विलेन क्यों बनाया? इससे अच्छा तो आप डॉक्टर गार्गी को गद्दार बना देते।

## शादी और कुंडली पर पहले दे दी थी चेतावनी

**नई दिल्ली।** इस समय लगभग पूरे देश में सोनम रघुवंशी के बारे में चर्चा हो रही है। उनपर अपने पति राजा रघुवंशी की हत्या के आरोप लगे हैं। इस मामले में हर दिन, हर पल नए-नए चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। इस बीच



'पंचायत' वेब सीरीज से विकास भाई का एक डायलॉग भी वायरल हो रहा है, जिसमें वो सोच-समझकर शादी करने, कुंडली और विचारों की बात कर रहे हैं। इस वीडियो को शेयर करते हुए यूजर ने लिखा, 'विकास भाई तो पहले ही वार्निंग दे चुके थे।' इसमें विकास का किरदार निभाने वाले एक्टर चंदन रॉय कह रहे हैं, 'हम ये नहीं कह रहे हैं कि आप शादी कर लीजिए, लेकिन जब भी कीजिएगा ना सर, सोच-समझकर कीजिएगा। कुंडली मिले ना, विचारों का मिलना बहुत जरूरी होता है। अगर विचार नहीं मिला, तो पूरा वैवाहिक जीवन अंड का बंड (बर्बाद) हो जाता है।' इस वीडियो पर कई लोग रिएक्शन देते हुए अपनी सहमति दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'सही कहा भाई आपने, मैं आपसे सहमत हूं।'

# मानुषी संग रोमांस करते दिखे राजकुमार

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार इस वक्त अपनी आगामी फिल्म 'मालिक' से चर्चा में हैं, जिसमें एक्टर गैंगस्टर लुक में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म का दर्शकों का बड़ी बेसब्री से इंतजार है। अब निर्माताओं ने फिल्म का पहला गाना 'नामुमकिन' रिलीज किया है। इस गाने के जरिए मिस वर्ल्ड विजेता और अभिनेत्री मानुषी छिल्लर पहली बार स्क्रीन पर नजर आईं हैं। गाने में दोनों रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहे हैं और इनकी केमिस्ट्री देखने लायक है। वे साथ में बहुत प्यारे दिख रहे हैं। 'नामुमकिन' सॉन्ग को वरुण जैन, श्रेया घोषाल, सचिन-जिगर ने मिलकर गाया है। वहीं, इस गाने को अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखा है। 'मालिक' फिल्म का टीजर पिछले हफ्ते रिलीज हुआ था।



इस टीजर में राजकुमार राव का खतरनाक अंदाज दिखा था, जिसमें उन्हें अपने दुश्मनों को बर्बर तरीके से मारते-काटते देखा गया था। फिल्म के टीजर ने दर्शकों के रोंगटे खड़े कर दिए थे। पहली बार अभिनेता का ये अंदाज उनके फैंस देखेंगे। इस समय अभिनेता अपनी रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'भूल चूक माफ' से चर्चा में हैं। अब उन्हें फुल टू एक्शन में देखने के लिए तैयार हो जाएं।

# अजीत ने तमाम उतार-चढ़ाव को पार कर फिल्मी दुनिया में बनाई खास जगह

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में 1945 से 1995 तक एक ही विलन का नाम गूंजता था - अजीत खान। उनकी रील लाइफ जितनी दमदार थी, रियल लाइफ उतनी ही मुश्किलों से भरी थी। गरीबी और जिंदगी के तमाम उतार-चढ़ाव को पार कर उन्होंने फिल्मी दुनिया में अपनी खास जगह बनाई। हैदराबाद के गोलकुंडा में 27 जनवरी 1922 को एक मुस्लिम परिवार में जन्मे अजीत खान का असली नाम हामिद अली खान था। एक छोटी सी गली से निकलकर बॉलीवुड के सबसे खतरनाक विलेन बनने का उनका सफर आसान नहीं था। अपने आखिरी दिनों में अजीत हैदराबाद में ही रहे और 22 अक्टूबर 1998 को 76 साल की उम्र में उनका निधन हो गया।



***हीरो बनकर शुरू किया कॅरियर, विलेन बनकर छाए :*** अजीत खान का फिल्मी सफर मुश्किलों से शुरू हुआ। उन्होंने बॉलीवुड में हीरो के तौर पर कदम रखा, लेकिन असली पहचान उन्हें विलेन के किरदारों से मिली। दर्शकों को उनकी एक्टिंग इतनी पसंद आई कि उनकी फिल्में एक के बाद एक बॉक्स ऑफिस पर हिट होती गईं। फिल्मों में आने से पहले हामिद अली खान ने अपना नाम छोटा करके 'अजीत' रख लिया था, क्योंकि उनका असली नाम काफी लंबा था।


## सपनों के लिए घर छोड़ा मुंबई में झेली मुश्किलें

मीडिया खबरों के अनुसार, अजीत खान बचपन से ही एक्टर बनना चाहते थे। इस सपने को पूरा करने के लिए उन्होंने घर छोड़ दिया और मुंबई चले आए। उनके पास पैसे नहीं थे, इसलिए उन्होंने अपनी किताबें तक बेच दीं। मुंबई में उनके पास रहने की कोई जगह नहीं थी, तो वे सीमेंट की बड़ी पाइपों में सोने लगे। उस समय कुछ गुंडे उन पाइपों में रहने वालों से पैसे वसूलते थे। पैसे न देने पर वे लोगों को मारकर भगा देते थे। एक दिन अजीत को इतना गुस्सा आया कि उन्होंने उन गुंडों से भिड़ंत कर ली। अजीत के सामने कोई गुंडा नहीं टिका और सब भाग गए। इसके बाद वहां रहने वालों के बीच उनकी खूब इज्जत हो गई। अजीत खान की जिंदगी की ये कहानी उनके जुनून और हिम्मत को दिखाती है, जिसने उन्हें बॉलीवुड का सबसे यादगार विलेन बनाया।

## अमीर पति की हत्या करवाने के लिए अपने प्रेमी को फंसाती है चालाक महिला

# धोखा, फरेब और हत्या, फिल्मी पर्दे पर दिखीं सोनम रघुवंशी जैसी खौफनाक कहानियां

*नई दिल्ली। इंदौर के राजा और सोनम रघुवंशी की कहानी ने सबको हिला कर रख दिया है। पत्नी सोनम ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति की हत्या की, जिससे हर कोई दंग रह गया। इस तरह की घटनाएं फिल्मों में भी कई बार देखी गई हैं, जहां धोखा, साजिश और हत्या की कहानियां दर्शाई गई हैं। आइए जानते हैं ऐसी कुछ चर्चित फिल्मों के बारे में जिनमें हर मोड़ पर कुछ ऐसा ही धोखा और विश्वासघात मिलता है।*





**जिस्म :** साल 2003 की फिल्म 'जिस्म' भी पति की हत्या की साजिश पर आधारित है। यहां एक खूबसूरत और चालाक महिला अपने अमीर पति की हत्या करवाने के लिए अपने प्रेमी को फंसाती है। कबीर लाल नाम के वकील इस साजिश में फंस जाता है, लेकिन अंत में सच्चाई सामने आती है। यह फिल्म प्यार के बहाने किए गए अपराध और लालच की कहानी बयां करती है। इस फिल्म जॉन में अब्राहिम और बिपाशा बसु मुख्य किरदार में थे।

**कर्ज :** इसी तरह साल 1980 की मशहूर फिल्म 'कर्ज' में भी पति की हत्या की साजिश दिखाई गई थी। अमीर रवि वर्मा की अपनी पत्नी कामिनी द्वारा संपत्ति हड़पने के लिए हत्या कर दी जाती है। फिर कहानी पुनर्जन्म की अवधारणा के इर्द-गिर्द घूमती है, जहां न्याय की तलाश में नया जन्म हुआ व्यक्ति साजिश का बदला लेता है। इस फिल्म में ऋषि कपूर, सिमी गरेवाल और टीना मुनीम जैसे कलाकार थे।




**लोग क्या कहेंगे :** फिल्म 'लोग क्या कहेंगे' (1982) सामाजिक ड्रामा है, जिसमें एक महिला के मानसिक संघर्ष और सामाजिक दबावों को दिखाया गया है। इसमें महिला अपने पति की हत्या तक कर देती है, लेकिन यह हत्या अधिकतर मानसिक असंतुलन और परिवार के तनाव के कारण होती है। शबाना आजमी ने इस फिल्म में दमदार अभिनय किया है, जो समाज की कठोर सोच और महिलाओं पर पड़ने वाले प्रभाव को दर्शाती है।




**फरेब :** साल 2005 में आई फिल्म फरेब में भी इसी तरह की कहानी को दिखाया गया था। इस इरोटिक थ्रिलर में शिल्पा शेट्टी, शमिता शेट्टी और मनोज बाजपेयी मुख्य भूमिका में थे। कहानी में एक डॉक्टर और उसकी पत्नी के रिश्तों में जब पड़ोसी महिला की एंट्री हो जाती है, तो अफेयर और धोखे की घटनाएं सामने आती हैं। जब पत्नी को पति की बेवफाई का पता चलता है, तो दोनों के बीच तनाव गहराता है और एक दिन अचानक पड़ोसी महिला की हत्या हो जाती है। इसके बाद जब एक-एक कर मामले की परतें खुलती हैं तो पैरों तले जमीन खिसक जाती है।

***समाज की जटिलताओं को करती हैं उजागर :*** *इन फिल्मों में पति की हत्या या हत्या की साजिश को अलग-अलग कारणों से दिखाया गया है, चाहे वह संपति का लालच हो, धोखा हो या फिर मानसिक संघर्ष। ये कहानियां समाज की जटिलताओं को पर्दे पर उजागर करती हैं और दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर देती हैं कि रिश्तों में कभी-कभी कितनी गहराई और अंधेरा होता है।*

## खबर संक्षेप


रेवाड़ी। मंदिर में स्थापित की गई भगवान शिव की प्रतिमा।

### काली माता मंदिर में महाकालेश्वर की प्रतिमा स्थापित

रेवाड़ी। नई सब्जी मंडी स्थित निर्माणाधीन काली माता मंदिर संत धाम में मंगलवार को हवन व भंडारे का आयोजन किया गया। पंडित मुकेश शास्त्री ने हवन संपन्न कराया। मंदिर के महंत बाबा अभय सिंह ने बताया कि गत दिनों मंदिर परिसर में निर्माण कार्य के दौरान खुदाई में भगवान महाकालेश्वर रूप में शिला मिली थी, जिसका विधि विधान से हरिद्वार हर की पौड़ी पर शुद्धिकरण कराया गया व मंगलवार को मंदिर परिसर में प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस अवसर पर आयोजित भंडारे में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुजनों ने प्रसाद ग्रहण किया और महिलाओं ने भजन कीर्तन किए। इस मौके पर मंदिर के सभी सेवक व श्रद्धालु उपस्थित थे।


रेवाड़ी। हवन करते हुए श्रद्धालु।

योग आचार्य डॉ. धर्मवीर ने योग दिवस पर बोने वाले योगासान के तरीके बताए

# शीतली प्राणायाम से शरीर और मन को मिलती शीतलता, वृक्षासन से मजबूती

■ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कराए जाने वाले योग प्रोटोकॉल का दूसरा प्राणायाम है शीतली प्राणायाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कराए जाने वाले योग प्रोटोकॉल का दूसरा प्राणायाम शीतली प्राणायाम है। संस्कृत में शीतली का अर्थ ठंडा होता है। इस प्राणायाम के अभ्यास से शरीर और मन को शीतलता प्राप्त होती है। इसलिए इसे शीतली प्राणायाम अर्थात कूलिंग ब्रीद कहा जाता है। योग आचार्य डा. धर्मवीर ने बताया कि शीतली प्राणायाम करने के लिए सर्वप्रथम स्वेच्छा से किसी भी ध्यानात्मक आसन में बैठ जाए। ज्ञान मुद्रा में दोनों हाथों को घुटनों पर रखें।

जीभ को बाहर निकाल कर होठों की सहायता से नाली नुमा अर्थात कोए की चोंच की तरह बना लें। इस नलीनुमा जीभ से धीरे-धीरे वायु को अंदर खींचे और जीभ को मुख के अंदर ले जाएं और मुख बंद कर लें। इसके बाद दोनों नासिका रंध्रों से धीरे-धीरे श्वास को बाहर छोड़ दें। शीतली प्राणायाम का एक चक्कर पूरा होने पर इस अभ्यास को तीन से पांच बार तक दोहराएं।


रेवाड़ी। वृक्षासन करते हुए बच्चा।

### इन लोगों नहीं करना चाहिए शीतली प्राणायाम

हाइपरटेंशन, कफ, खांसी टॉन्सिलाइटिस, जुकाम व दमा के मरीजों एवं सर्दियों में इस प्राणायाम का अभ्यास न करें। इस प्राणायाम में श्वास मुख से लिया जाता है और नासिक से छोड़ा जाता है। इसमें कुंभक और जालंधर बंध का प्रयोग नहीं किया जाता है। इस प्राणायाम में श्वास दोनों नासिकाओं की बजाय दाईं नासिका को बंद करके बाईं नासिका से छोड़ सकते हैं। प्राणायाम करते समय श्वास को धीरे-धीरे ही नासिकाओं से ग्रहण करना है।


रेवाड़ी। शीतली प्राणायाम का अभ्यास करते हुए युवक।

### शीतली प्राणायाम के लाभ

उच्च रक्तचाप, अम्लता और अल्सर में बहुत प्रभावकारी है। भूख और प्यास पर नियंत्रण स्थापित होता है। पित्त से उत्पन्न विकारों को दूर करने में सहायक है। रक्त शुद्ध होता है तथा अपच और तिल्ली रोग से छुटकारा मिल जाता है। त्वचा और आंखों के लिए शीतली प्राणायाम बहुत लाभकारी है।

### अभ्यास को कई बार दोहराएं

वृक्ष का अर्थ है पेड़ और आसन का अर्थ है शारीरिक स्थिति। इस आसन की अंतिम अवस्था में शारीरिक स्थिति एक वृक्ष की तरह दिखाई देती है। इसीलिए इस आसन को वृक्षासन कहा जाता है। आसन को करने के लिए दोनों पैरों के बीच में दो से तीन इंच का अंतर रखते हुए सीधे खड़े हो जाएं। अब श्वास छोड़ते हुए धीरे-धीरे अपने दाएं पैर को दोनों हाथों से पकड़ कर उसके पंजे को बाएं पैर की अंदरूनी जांघ पर इस प्रकार रखें कि एड़ी मूलाधार क्षेत्र को स्पर्श करे। इसके बाद श्वास भरते हुए धीरे-धीरे अपने दोनों हाथों को सिर के ऊपर ले जाते हुए आपस में जोड़ लें जैसा चरित्र में दिखाया गया है। इस स्थिति में 15 से 20 सैकेंड तक रुकने का प्रयास करें और श्वास प्रश्वास सामान्य रखें। श्वास छोड़ते हुए दोनों हाथों को नीचे ले आएं और दायां पैर भी पूर्व अवस्था में ले आएं। अब शरीर को शिथिल करें और पुनः दूसरे पैर अर्थात बाएं पैर से इस अभ्यास को दोहराएं।

### ये लोगों को न करें वृक्षासन

घुटने में दर्द, अर्थराइटिस, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, माइग्रेन, वर्टिगो एवं शरीर में अधिक कंपन हो तो यह आसन नहीं करना चाहिए। शुरूआत में यह अभ्यास दीवार व व्यक्ति का सहारा लेकर भी कर सकते हैं और दोनों हाथों को छाती के सामने प्रार्थना की स्थित में जोड़कर भी कर सकते हैं। अभ्यास की पूर्ण स्थिति में दृष्टि सामने किसी निश्चित बिंदु पर टिकाएं।

### वृक्षासन करने के लाभ

वृक्षासन बढ़ती उम्र के साथ शरीर में होने वाले कंपन को दूर करता है। इस आसन से शरीर एवं मन के मध्य संतुलन स्थापित होता है। इस आसन के अभ्यास से घुटनों का मिलना ठीक हो जाता है। आसन से तांत्रिक से संबंधित स्नायुओं में अच्छा समन्वय होता है। इस आसन के अभ्यास से मन एकाग्र होता है। जागरूकता एवं सहनशीलता बढ़ती है तथा पैरों की मांसपेशियां मजबूत होती है। योग आचार्य डा. धर्मवीर ने बताया कि वृक्षासन का अभ्यास किसी अनुभवी योग प्रशिक्षक के मार्गदर्शन से ही करना चाहिए। उन्होंने बताया कि वृक्षासन एक पारंपरिक तौर पर खड़े होकर किए जाने वाला आसन है, जो शरीर में शक्ति और संतुलन स्थापित करता है। यह अभ्यास शरीर और मन को केंद्रित, स्थिर और समन्वय स्थापित करता है।


रेवाड़ी। अधिकारियों की बैठक लेते हुए एडीसी अनुपमा अंजलि।

# मानसून से पहले ड्रेनों की सफाई करें विभाग

■ एडीसी अनुपमा अंजलि ने अल्पकालिक बाढ़ सुरक्षा कार्यों तथा ड्रेनों की साफ-सफाई के संबंध में ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

एडीसी अनुपमा अंजलि ने कहा कि अधिकारी बाढ़ सुरक्षा प्रयासों की निगरानी रखने के साथ-साथ शहर में नालों की सफाई के कार्य को प्राथमिकता के साथ पूरा कराएं। एडीसी मंगलवार को लघु सचिवालय में अल्पकालिक बाढ़ सुरक्षा कार्यों तथा ड्रेनों की साफ-सफाई की प्रगति की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रही थी। इससे पहले मुख्य सचिव हरियाणा अनुराग रस्तोगी ने वीसी के माध्यम से प्रदेश के सभी जिला उपायुक्तों के साथ समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

एडीसी ने मुख्य सचिव को जिले में अब तक किए गए अल्पकालिक बाढ़ नियंत्रण कार्यों तथा शहर में नालों की सफाई के बारे में जानकारी दी।

### सफाई कार्य पर रोज निगरानी रखें

वीसी के बाद एडीसी अंजलि ने कहा कि शहर में ड्रेनों की सफाई कार्य पर प्रतिदिन निगरानी रखें। उन्होंने कहा कि कार्य को गंभीरता से लेते हुए शहर में ड्रेनों की सफाई सही तरह से की जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी सभी लंबित कार्यों को बिना देरी के पूरा करें, इस संबंध में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जल निकासी के लिए आवश्यक पंपों की स्थिति और उपलब्धता को लेकर तैयारी पूरी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अल्पकालिक बाढ़ नियंत्रण के सभी कार्य समय रहते पूर्ण किए जाएं, ताकि मानसून के दौरान किसी प्रकार की जनहानि या संपत्ति की क्षति को रोका जा सके। एडीसी ने कहा कि जिला प्रशासन का पूरा प्रयास है कि नागरिकों को बरसात के कारण किसी प्रकार की परेशानी न उठानी पड़े, इसके लिए सभी विभाग आपसी तालमेल के साथ कार्य करें। बैठक में डीएमसी राहुल मोदी व डीआरओ प्रदीप देशवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# महिला संगठन मजबूत कर रहे : गीता

■ रविदास विश्व महापीठ की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मंगलवार को रविदास हॉस्पिटल आर्य नगर में गुरु रविदास विश्व महापीठ की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि सुरजीत कुमार राष्ट्रीय अध्यक्ष थे। उन्होंने कहा कि पूरे भारत में संगठन को मजबूत किया जा रहा है। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष रामलाल आर्य ने की तथा संयोजक संगठन मंत्री राजेश सुनारिया थे। रेवाड़ी से कुमारी गीता प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा ने भी बैठक में शिरकत की। संगठन की महिला सदस्यों ने कुमारी गीता का सम्मान किया। उन्होंने कहा कि गुरू रविदास के विचारों को घर-घर तक पहुंचाया जाएगा। हरियाणा में महिला संगठन को मजबूत करने का काम तेजी से किया जा रहा है। बैठक में विनत कौर जिला अध्यक्ष यमुनानगर, अलका सोनी जिला सचिव यमुनानगर, रीता रानी जिला सचिव यमुनानगर, पूजा देवी जिला अध्यक्ष रेवाड़ी, पूनम जिला सचिव रेवाड़ी, आशा जिला सचिव रेवाड़ी, नरेश देवी जिला अध्यक्ष गोहाना व सुमन लता जिला महामंत्री रोहतक मौजूद रहे।


रेवाड़ी। कुमारी गीता का सम्मान करती संगठन की सदस्य। फोटो : हरिभूमि

# सावधान रहें! हैकर्स की सक्रियता लगातार बढ़ रही है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि वर्तमान में हर किसी के पास स्मॉर्टफोन है तथा एक सामान्य व्यक्ति भी ऑनलाइन सेवाओं का इस्तेमाल कर रोजमर्रा के काम निपटाता है। इसमें बिलों का भुगतान करने से लेकर ऑनलाइन शॉपिंग करना शामिल है। वहीं खास किस्म के एप में भी जानकारियों को रखने का चलन भी बढ़ चुका है। इंटरनेट का चलन बढ़ने से जहां लोगों के कई काम आसान हुए, वहीं एक छोटी सी चूक निजी जानकारियों को सार्वजनिक भी कर सकती है, इसलिए इंटरनेट की दुनिया में काफी सतर्कता बरतने की जरूरत है। एसपी मीणा ने कहा कि यह जरूरी नहीं है कि आपका स्मार्टफोन, कम्प्यूटर व लैपटॉप हमेशा सुरक्षित रहे, क्योंकि तमाम तरीके के लेनदेन व गोपनीय डाटा स्मार्टफोन के भीतर होने की वजह से हैकर्स भी सक्रिय हो चुके हैं।


एसी हेमेंद्र कुमार मीणा।

■ पुलिस अधीक्षक बोले अपने स्मार्टफोन,कम्प्यूटर तथा लैपटॉप को साइबर अटैक से रखें सुरक्षित

### इन सावधानियों से सुरक्षित रख सकते है दस्तावेज

**डाटा का रखें बैकअप**

साइबर हमले का मकसद सिर्फ सिस्टम में रखे डाटा को हैक करना होता है। ऐसे में हम अपने डाटा की बैकअप फाइल को पेन ड्राइव, सीडी, या हार्ड ड्राइव में सेव रखना होगा। किसी तरह का वायरस सिस्टम में आने पर बैक डाटा सेव रहेगा।

**सॉफ्टवेयर अपडेट रखना**

सिस्टम या मोबाइल के सॉफ्टवेयर को हमेशा अपडेट रखना चाहिए। साइबर हमला आमतौर पर सिस्टम अपडेट न होने पर होता है। सॉफ्टवेयर अपडेशन में हमेशा साइबर सिक्यूरिटी से जुड़े पहलुओं को शामिल किया जाता है।

**एंटी वायरस रखें इंस्टॉल**

सिस्टम में एंटी वायरस जरूर रखें ताकि कोई साइबर हमला हो तो वह हमारे डेटा को हैक होने से बचा सके।

**फेक एप से रहें सावधान**

गूगल प्लेस्टोर या अन्य एप्प स्टोर में मौजूद हर एप्लीकेशन पूरी तरह से ठीक हो यह जरूरी नहीं है, इसलिए एप्लीकेशन को डाउनलोड करने से पहले मांगी जाने वाली परमिशन को हमेशा चेक करें।

**ब्लूटूथ को एक्टिव न छोडें**

मोबाइल व लैपटॉप के डाटा को ब्लूटूथ के जरिए भेजने के बाद तुरंत बंद कर देना चाहिए। अक्सर हैकर्स खास तरह के ऐप का इस्तेमाल कर अहम दस्तावेज गायब कर लेते हैं।

**पासवर्ड बदलते रहें**

मोबाइल, सिस्टम व सोशल मीडिया के पासवर्ड को दो से चार महीनों में बदलते रहना चाहिए ताकि हैकर्स से उनको बचाया जा सके।

**मोबाइल को अंजान डिवाइस से कनेक्ट न करें**


हम राह चलते कभी-कभी अपने स्मार्टफोन को किसी अंजान की डिवाइस से जोड़ लेते है। ऐसा करने से वह व्यक्ति हमारे मोबाइल से अहम दस्तावेज को चुरा सकता है।

# जल जीवन मिशन : स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों और पीएम गति शक्ति के तहत कार्य पूरा : एडीसी

■ एडीसी अनुपमा अंजलि ने की जल जीवन मिशन के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

एडीसी अनुपमा अंजलि ने सोमवार को जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक से पूर्व जल जीवन मिशन के अपर सचिव एवं मिशन निदेशक कमल किशोर सोन ने वीसी के माध्यम से हरियाणा के विभिन्न जिलों की जल जीवन मिशन के तहत किए गए कार्यों की समीक्षा की। एडीसी अनुपमा ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत जिले के सभी स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों तथा पीएम गति शक्ति के तहत 100 प्रतिशत कार्य हो चुका है। जिले की पंचायतों में जल जीवन मिशन के तहत कार्य किया जा रहा है। जल शक्ति मिशन के तहत दिशा की बैठक लगातार ली जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में पाइपलाइन बिछाने, जल स्त्रोतों की मरम्मत और पानी समितियों का गठन जैसे कार्य किए जा रहे हैं। ग्रामीणों को शुद्ध और नियमित जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन हर संभव प्रयास कर रहा है।


रेवाड़ी। जल जीवन मिशन की बैठक लेते हुए एडीसी अनुपमा अंजलि।

### समयबद्ध करें काम

एडीसी अनुपमा अंजलि ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मिशन के लक्ष्यों को समयबद्ध, पारदर्शी और जन-सहभागिता आधारित मॉडल पर आगे बढ़ाएं। उन्होंने योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता मानकों का पालन, स्थानीय स्तर पर निगरानी और पानी समितियों की सक्रिय भागीदारी को भी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने मिशन की रिपोर्टिंग और फील्ड स्तर की सक्रिय निगरानी पर ध्यान देने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर जनस्वास्थ्य अभियान्त्रिकी के कार्यकारी अभियंता विनय प्रकाश चौहान व अशोक यादव मौजूद थे।

# बैठक में बाल मजदूरी व लीगल सर्विस अथॉरिटी एक्ट की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के निर्देशानुसार मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमित वर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल एडवोकेट, पैरा लीगल वॉलेंटियर्स, लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम तथा मेडिएटर्स की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर परमुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमित वर्मा ने 12 जुलाई का होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में आम जनता तक ज्यादा से ज्यादा जानकारी पहुंचाने की अपील की। पैनल अधिवक्ता आनंद कुमार ने बाल मजदूरी के बारे में बताया तथा एडवोकेट हरीश कुमार शर्मा डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम ने लीगल सर्विस अथॉरिटी एक्ट के बारे में जानकारी दी। सीजेएम अमित वर्मा ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से एक हेल्पलाइन नंबर चलाया हुआ है, जिस पर कानूनी जानकारी ले सकते हैं।


रेवाड़ी। बैठक में जानकारी देते हुए सीजेएम अमित वर्मा। फोटो : हरिभूमि

### महिलाओं ने रखा वट पूर्णिमा का व्रत

रेवाड़ी। शहर में बड़ी संख्या में दक्षिण भारत, महाराष्ट्र व गुजरात मूल के परिवार पिछले काफी समय से निवास करते आ रहे हैं। वे पर्वों व त्योहारों को स्थानीय लोगों के साथ मिलकर धूमधाम से मनाते रहे हैं। मंगलवार को दक्षिण भारत मूल के परिवारों की महिलाओं ने ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि के दिन वट पूर्णिमा पर्व को व्रत रखकर धूमधाम से मनाया। हालांकि देश के उत्तरी भाग में यह व्रत अमावस्या तिथि के दिन रखा जाता है और महाराष्ट्र, गुजरात सहित दक्षिणी भाग में यह व्रत पूर्णिमा तिथि के दिन रखा जाता है। धार्मिक ग्रंथों में उल्लेख है कि इस व्रत को सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र के लिए वट वृक्ष की उपासना कर मनाती हैं।

**NOTICE**

I, Hemashree Sharma D/o Naveen Sharma R/o H.No.1654/4, Kathmandi, Distt.Rewari (HR) declare that I have changed my name from Hemashree to Hemashree Sharma for all future purposes.

संस्कृति | वनवासी कल्याण आश्रम हरियाणा की ओर से कार्यक्रम का आयोजन

# बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने रेवाड़ी में पूर्वोत्तर की संस्कृति का परिचय कराया

1952 से आरंभ हुई यात्रा से 12 करोड़ वनवासियों के विकास के कार्य बताए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रणबीर हुड्डा चौक के पास स्थित जाट धर्मशाला में मंगलवार को वनवासी कल्याण आश्रम हरियाणा की ओर से स्वागत व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वनवासी कल्याण आश्रम की ओर से संचालित छात्रावास के पूर्वोत्तर राज्यों से आकर शिक्षण संस्कार ग्रहण कर रहे बच्चों ने भावपूर्ण प्रस्तुतियों से पूर्वोत्तर की संस्कृति का परिचय कराया। इस अवसर पर वनवासी कल्याण आश्रम के संयोजक संजय डाटा ने वनवासी कल्याण आश्रम की 1952 से आरंभ हुई यात्रा से 12 करोड़ वनवासी बंधुओं के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा शिक्षा, चिकित्सा, कृषि विकास, आर्थिक विकास, श्रद्धा जागरण व खेलकूद जैसे 22000 सेवा प्रकल्पों से 2 करोड़ वनवासी बंधुओं को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 28 अप्रैल को कल्याण आश्रम के कार्यकर्ता चेतराम पंवार अध्यक्ष महाराष्ट्र को वन क्षेत्र के विस्तार व संरक्षण के लिए पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित भी किया गया है।



रेवाड़ी। जाट धर्मशाला में सांस्कृति कार्यक्रम पेश करते बच्चे व कार्यक्रम में अतिथियों का सम्मान करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि


रेवाड़ी। सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते पूर्वोत्तर राज्यों के बच्चे।

### दो छात्रावास चल रहे

कार्यक्रम में संजय डाटा ने कहा कि हरियाणा जैसे गैर वनवासी क्षेत्र में भिवानी एवं फरीदाबाद में पूर्वोत्तर राज्यों के छात्रों की शिक्षा के लिए दो छात्रावासों का संचालन समाज के सहयोग से किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त झारखंड, केरल व उड़ीसा राज्यों में चलने वाले विभिन्न सेवा प्रकल्पों के लिए आर्थिक सहयोग हरियाणा के दानी सज्जनों के आर्थिक सहयोग से पूर्ण होता है। कार्यक्रम के अध्यक्ष रामकिशन गुप्ता, मुख्य अतिथि रमेश चंद बिढाण आयुक्त गुरुग्राम मंडल तथा विशिष्ट अतिथि समाजसेवी रमेश सचदेवा, वेद प्रकाश अग्रवाल, डॉ. अनिल यादव, मनीष चांदना, डॉ. नरेश कौशिक व मुख्य वक्ता राधिका लढ्ढा थे। इस मौके पर मुख्य अतिथि रमेश चंद ने कल्याण आश्रम के द्वारा किए जा रहे राष्ट्र कल्याण के कार्यों की प्रशंसा की। जिला संयोजक संजय डाटा व जिला महामंत्री अनिल गंजु ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में उत्तर क्षेत्र संगठन मंत्री जयभगवान शर्मा, विभाग सह संघ चालक रामावतार लंबा, जिला संघ चालक रामावतार गौतम, डॉ. वी पी यादव, पवन सर्राफ, शमशेर यादव, प्रीति लांबा, हवा सिंह डागर, त्रिभुवन, बिरेन्द्र गुप्ता, नवल किशोर गुप्ता, श्याम सपड़ा, आशु विकास, राजीव गुप्ता, निरंजाल लाल गुप्ता, के एम गुप्ता, अनूप पांडेय, राजेश अग्रवाल, रोहित आदि मौजूद रहे।

**सूचना**

मैं, प्रिंस मेहदीरत्ता पुत्र स्व. श्री पवन मेहदीरत्ता निवासी 1994, नई बस्ती रेलवे रोड रेवाड़ी बयान करता हूँ कि मेरे पिताजी के नाम अदद आराजी 1994, नई बस्ती रेलवे रोड रेवाड़ी में चली आती है। अब मेरे पिताजी का देहांत दिनाक 16.11.2007 को हो चुका है और अब मृतक पवन मेहंदीरत्ता के निम्न कानूनी वारसान है.- ए. प्रिंस मेहंदीरत्ता पुत्र स्व. श्री पवन मेहदीरत्ता, बी. कुनाल मेहदीरता पुत्र स्व. श्री पवन मेहदीरत्ता, सी. रीना मेहंदीरता पत्नी स्व. श्री पवन मेहंदीरत्ता, इनके अलावा मृतक श्री पवन मेहंदीरत्ता के कोई कानूनी ऐव जाईज वारसान नहीं है। अब मृतक पवन मेहदीरता के वारसान के नाम से जायदाद की प्रॉपर्टी आई. डी. बनाई जावे जिस बाबत हलफनामा की दरकार है।

## खबर संक्षेप



### देशी कट्टा उपलब्ध कराने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बावल।** बावल थाना पुलिस ने गांव पनवाड निवासी एक व्यक्ति को देशी कट्टा दिखाकर जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गांव टिकला निवासी बच्चू सिंह के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। पनवाड निवासी हुकम सिंह गत 26 मार्च को अपने खेत में फसल सरसों काटने जा रहा था। इस दौरान रस्ते में उसके गांव का नरेश उर्फ नरिया ट्रैक्टर पर आया और उसे देशी कट्टा दिखाकर जान से मारने की धमकी देकर, ट्रैक्टर लेकर राजस्थान की तरफ भाग गया।

### सड़क हादसों के आरोपी दो चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों के बाद फरार दो वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। सदर थाना पुलिस ने 1 जून को हुए हादसे के बाद केस दर्ज किया था। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने रोहड़ाई निवासी वाहन चालक धीरज को गिरफ्तार किया है। बीते सोमवार को गुडियानी के पास ट्रैक्टर की टक्कर से हुई युवक की मौत मामले में पुलिस ने चालक भैरमपुर निवासी नरेश कुमार को गिरफ्तार किया है। बाद में दोनों आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### रेलवे स्टेशन पर दो मुख्य गेट व पार्किंग तैयार, राव तुलाराम की प्रतिमा लगाई

# कायाकल्प से भव्य नजर आने लगा रेवाड़ी जक्शन, तेजी से हो रहा पुनर्विकास कार्य

**खास बातें**

- रेलवे स्टेशन पर सौन्दर्यीकरण कार्य में 32 करोड़ व कोसली स्टेशन पर 13 .87 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जा रही है

हेमंत शर्मा ▶▶| रेवाड़ी

अमृत भारत योजना के तहत रेवाड़ी व कोसली रेलवे जंक्शन के पुनर्विकास का कार्य तीव्र गति से चल रहा है। आगामी दिनों में रेवाड़ी जंक्शन की तस्वीर बदलने वाली है। रेलवे स्टेशन पर सौन्दर्यीकरण कार्य में 32 करोड़ व कोसली स्टेशन पर 13.87 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जा रही है। रेल यात्रियों की सुविधाओं को देखते हुए रेलवे स्टेशन पर वाहनों की पार्किंग के साथ दो नए भव्य प्रवेश द्वार बनाए गए है। रेलवे स्टेशन पर करीब 70 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। पार्किंग के पास आधुनिक टॉयलेट भी बना दिया गया है। इसके अलावा प्लेटफार्म नबंर-एक पर वेटिंग हॉल व टिकट घर का भी विस्तार किया जा चुका है। रेलवे स्टेशन पर तेज सागर फोर्ट की झलक के साथ ही स्थानीय पत्थरों व सेंड स्टोन का प्रयोग किया जा रहा है। रेलवे स्टेशन के प्रवेश द्वारों व बिल्डिंग पर ऐतिहासिक महलों में लगाई जाने वाली छतरी भी लगाई जा रही है। अमृत योजना के तहत रेलवे स्टेशन पर 12 मीटर का एक फुट ओवर ब्रिज बनाया जाएगा, जो प्लेटफार्म नंबर एक से आठ को जोड़ने का काम करेगा। इसके अलावा बुजुर्गो व विकलांगों की सुविधा के लिए चार एक्सीलेटर और पांच लिफ्ट लगाई जाएंगी। योजना के तहत स्टेशन के प्लेटफार्म का भी विस्तार करके लंबा किया गया है।










रेवाड़ी। रेलवे जंक्शन का तीव्र गति से चल रहा सौन्दर्यकरण कार्य, रेलवे जंक्शन के दीवारों पर पत्थरों से प्राचीन लुक, रेवाड़ी रेलवे जंक्शन का भव्य गेट तथा रेलवे जंक्शन परिसर में लगी राव तुलाराम की प्रतिमा। फोटो :हरिभूमि

#### टैक्सी की सुविधा होगी उपलब्ध

अमृत भारत योजना के तहत रेवाड़ी रेलवे स्टेशन पर पिक एंड ड्रॉप की सुविधा यात्रियों के लिए शुरू की जाएगी। इसके अलावा टैक्सी स्टैंड का निर्माण किया गया है। दूरदराज के क्षेत्रों पर आने जाने के लिए यात्री टैक्सी का इस्तेमाल कर सकेंगे। इसके अलावा रेलवे स्टेशन पर टू-व्हीलरों व फोर-व्हीलरों के लिए अलग से पार्किंग बनाई गई है। रेलवे स्टेशन के सौन्दर्यकरण में हरियाली का भी ध्यान रखा जा रहा है, जिसके लिए प्रवेश द्वार के आसपास पार्क विकसित किया जाएगा।

#### शहीदों की गौरव गाथा से होंगे परिचित

रेलवे स्टेशन पर शहर व महापुरुषों के इतिहास को भी प्रदर्शित किया जाएगा। प्रवेश द्वार पर 1857 की क्रांति के महानायक राजा राव तुलाराम की प्रतिमा लगाई जा चुकी है। इसके अलावा रेलवे स्टेशन के प्रवेश द्वार पर ऐतिहासिक महलों की झलक भी देखने को मिलेगी। अमृत भारत योजना के तहत स्टेशन पर देश के शहीदों की गौरव गाथा से परिचित कराया जाएगा। रेलवे स्टेशन पर शहर की प्राचीन धरोहरों के चित्र भी लगाए जाएंगे ताकि स्टेशन पर आने वाले लोग और युवा पीढ़ी जिले के इतिहास को जान सकें।

#### हैरिटेज लोकोशेड का देश में नाम

रेवाड़ी जंक्शन के पास ही देश का पहला हैरिटेज लोकोशेड भी है। लोकोशैड में आज भी भाप के इंजन चालू हालत में है। लोकोशैड में बॉलीवुड की अनेक फिल्मों की शूटिंग भी हो चुकी है। रेलवे जंक्शन से छह अलग-अलग दिशाओं में रेलवे लाइने निकलती है। रेवाड़ी-दिल्ली, रेवाड़ी-जयुपर, रेवाड़ी-रोहतक, रेवाड़ी-हिसार तथा रेवाड़ी-नारनौल, रेवाड़ी-महेद्रगढ़ है। जिले में रेलवे कॉरिडोर के लिए न्यू रेवाड़ी नाम से एक नया स्टेशन भी बनाया हुआ है। कोसली को 13.80 करोड़ रुपये की लागत से रेलवे स्टेशन का कायाकल्प किया जा रहा है। निर्माण पूरा होने के बाद क्षेत्र को काफी लाभ मिलेगा। साथ ही ट्रेनों की संख्या बढ़ाने पर भी जोर दिया जाएगा। कोसली से कई प्रमुख ट्रेनों का आवागमन होता है। कोसली रेलवे स्टेशन पर फुटओवर ब्रिज, ऊंचे प्लेटफार्म, प्लेटफॉर्म शैडो, बुजुर्गों व दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएं, पेयजल, टाइलेट व प्रतीक्षा हाल की व्यवस्था के साथ संकेतक, प्लाजा व परिवहन के सुविधा के कार्य हो रहे हैं।

#### अमृत भारत योजना के तहत चुना गया

अमृत भारत योजना के तहत रेवाड़ी व कोसली स्टेशन को चुना गया था। दोनों स्टेशनों में करीब 70 प्रतिशत सौन्दर्यीकरण का कार्य किया जा चुका है। कार्य पूरा होने पर यात्रियों को सभी सुविधाएं मिलने वाली है।

\- **महेश चंद,** वाणिज्य प्रबंधक, बीकानेर मंडल रेलवे।

### महिला के प्लॉट पर जमाया कब्जा

## तीन माह तक दो थानों के लगाए चक्कर, एसपी के आदेश पर केस

- जिसका जमीन से नहीं कोई लेना-देना, उसी ने फर्जी तरीके से बेचा प्लॉट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रामगढ़ रोड पर भांडोर की एक महिला ने लाखों रुपये खर्च कर प्लॉट खरीदा था। किसी और ने उस प्लॉट पर दो कमरे बनाकर कब्जा जमा लिया। कमरे बनाने वाले व्यक्ति ने प्लॉट की खरीद ऐसे व्यक्ति से की, जिसका इस जमीन से कोई लेना-देना ही नहीं है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर महिला को तीन माह तक सिटी और सदर थानों के चक्कर लगाने पड़े। आखिरकार एसपी के आदेश पर सदर पुलिस थाने में केस दर्ज किया गया है। पुलिस मामले के आरोपियों का पता लगाने के प्रयास कर रही है।

भांडोर निवासी बीना देवी ने एसपी को दर्ज शिकायत में बताया कि उसने रामगढ़ रोड पर राशि जैन से 210 वर्ग गज का प्लॉट फुल पेमेंट एग्रीमेंट के आधार पर खरीदा था। उसे मौके पर ही जमीन का कब्जा दे दिया गया था।

प्लॉट खरीदने के बाद वह या उसका पति भरत कई दिनों तक प्लॉट पर नहीं जा पाए। बाद में जब वह अपने प्लॉट पर गए, तो वहां दो कमरे बने हुए थे। किसी ने उसके प्लॉट पर कब्जा कर लिया था। कमरे बनाने वाले व्यक्ति से पूछताछ की तो उसने बताया कि सुधीर नाम के व्यक्ति ने उन्हें एग्रीमेंट के आधार पर प्लॉट बेचा है।

शिकायत के बाद सदर थाना पुलिस ने जांच की, तो पता चला कि प्लॉट बीना का ही है, जिस पर किसी और कब्जा किया है। महिला ने आरोप लगाया कि 2 मार्च को शिकायत दर्ज कराने के बाद सदर थाना पुलिस ने इसे सिटी थाने का एरिया बताते हुए वहां जाने को कहा। सिटी पुलिस थाने से उसे फिर सदर भेज दिया गया। इसके बाद ही उसने एसपी को शिकायत दर्ज करवाई।




रेवाड़ी। जिला सचिवालय के पीछे सदर थाना परिसर। फोटो :हरिभूमि

#### डीएसपी जांच में सही पाए आरोप

एसपी ने बीना की शिकायत को कार्रवाई के लिए डीएसपी रविंद्र कुमार के पास भेजा था। डीएसपी जांच में यह बात सामने आई कि प्लॉट बीना का ही है, जिस पर बिक्रम नाम के व्यक्ति ने कमरे बनाए हैं। डीएसपी ने बीना की शिकायत को सदर थाना पुलिस के पास भेजा था, जिसके आधार पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करते हुए असली आरोपी को काबू करने के प्रयास शुरू कर दिए।

#### पैसे लेकर कराया झूठा एग्रीमेंट

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सुधीर नामक प्रॉपर्टी डीलर ने प्लॉट दिलाने के लिए बिक्रम से पैसे लिए थे। इसके बाद वह उसे प्लॉट नहीं दिला पाया। इसके बाद उसने बीना का खाली प्लॉट देखकर फर्जी एग्रीमेंट कराते हुए बिक्रम को प्लॉट बेच दिया। सूत्रों के अनुसार पुलिस सुधीर तक भी पहुंच चुकी है। केस दर्ज करने के बाद पुलिस आगामी कार्रवाई करने में जुट गई है।

## पॉवरलिफ्टिंग में नंदिनी चुनी गई स्ट्रांग विमेन

- नंदिनी को 2100 रुपये की राशि भेंट करके प्रोत्साहित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला पॉवरलिफ्टिंग एसोसिएशन की ओर से जिला स्तरीय पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन जलियावास स्थित हार्ड रॉक फिटनेस क्लब में किया गया। मुख्यातिथि डिप्टी सुपरिटेंडेंट ऑफ प्रीजन राकेश लोचन ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। मुख्यातिथि ने एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ विजेताओं का सम्मानित किया। प्रतियोगिता में सब जूनियर में 12 से 18 आयुवर्ग, जूनियर में 19 से 23 आयु वर्ग व सीनियर वर्ग में 23 वर्ष व इससे अधिक आयु वर्ग के महिला व पुरुष खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के आयोजन में एसोसिएशन के अध्यक्ष किरणदीप सिंह, महासचिव आशा यादव, वाइस प्रेजिडेंट संजय पहलवान, जनरल सेक्रेटरी यशपाल सिंह, ट्रेजरार विनोद कुमार तथा मेंबर रश्मि, निकेश सत्यराज, हिमांशु यादव व डा. ललित रावत ने सहयोग दिया। प्रतियोगिता में स्ट्रांग विमेन चुनी गई नंदिनी को 2100 रुपये की राशि भेंट करके प्रोत्साहित किया गया। इसके अलावा प्रतियोगिता में रॉकी, दीपांशु व जय चौधरी स्ट्रांग मैन चुने गए।




रेवाड़ी। प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी अतिथियों के साथ। फोटो : हरिभूमि

## सफाईकर्मी को पीटा, पुलिस को दी शिकायत

- सफाई कर्मचारी एमआरएफ सेंटर पर कचरे से भरी ट्रैक्टर-ट्राली को खाली करने गया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मंगलवार को शहर के लियो चौक स्थित एमआरएफ सेंटर पर नगर परिषद के सफाई कर्मचारी पर जानलेवा हमला करके घायल कर दिया गया। सफाई कर्मचारी एमआरएफ सेंटर पर कचरे से भरी ट्रैक्टर-ट्राली को खाली करने गया था। उसी दौरान वहां मौजूद लोगों ने मारपीट शुरू कर दी। कर्मचारी ने शहर थाने में शिकायत दी है। कर्मचारी को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। मंगलवार को सफाई कर्मचारी अमित ट्रैक्टर-ट्राली में शहर का कचरा लेकर एमआरएफ सेंटर में खाली करने गया था। ट्राली खाली करने के बाद जब वह वापस जाने लगा तो डंपिंग यार्ड पर कचरा एकत्रित करने वाले एक बंगाली की रेहड़ी को ट्राली लग गई, बाद दो लोगों ने अमित को पकड़ लिया और मारपीट शुरू कर दी, कर्मचारी को काफी चोटें आई। सफाई कर्मचारी को घायल अवस्था में ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया। कर्मचारी पर हमले की सूचना मिलने नगर परिषद सफाई शाखा से सीएसआई सुधीर कुमार व अन्य सफाई कर्मचारी भी ट्रॉमा सेंटर पहुंच गए।



रेवाड़ी। ट्रामा सेंटर में भर्ती सफाई कर्मचारी अमित व ट्रामा सेंटर में भर्ती सफाई कर्मचारी अमित तथा मौजूद सीएसआई व अन्य कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

#### पुलिस को शिकायत दी

यूनियन पदाधिकारियों ने कहा कि यदि आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई तो वह हड़ताल करने पर मजबूर होंगे। सीएसआई सुधीर कुमार ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ पुलिस को शिकायत दे दी गई है।

### ग्राम पंचायत डहीना के वार्ड नंबर 19 की महिला पंच सुनीता निलंबित

**रेवाड़ी।** डीसी अभिषेक मीणा ने ग्राम पंचायत डहीना के वार्ड नंबर-19 की महिला पंच सुनीता को हरियाणा पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 51(1) ए के तहत निलंबित किया है। पंच पर आरोप हैं कि उन्होंने ग्राम पंचायत को गलत सूचना देकर निजी भूमि में टाईले बिछवाई है। पंच ने जनहित में उक्त कार्य न कराकर अपने निजी फायदे के कार्य के लिए सरकार के आदेशों की अवहेलना, कर्तव्य पालना में कोताही व पद का दुरुपयोग किया है। डीसी ने सुनीता को ग्राम पंचायत की किसी भी बैठक में भाग न लेने और उनके पास जो भी चार्ज व संपत्ति है, उसे तुरंत सरपंच को सौंपने के निर्देश दिए है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

## आरटीआर स्टेडियम में आयुष विभाग ने करवाया योगाभ्यास



**रेवाड़ी।** आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन को लेकर मंगलवार को राव तुलाराम स्टेडियम में योगाभ्यास का आयोजन किया गया। योग प्रोटोकॉल का संचालन योगाचार्य राकेश छिल्लर ने किया। कार्यक्रम में योग के महत्व और स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी गई। जिला आयुर्वेद अधिकारी डा. बसंत कुमार ने सभी चिकित्सकों और योग सहायकों से आयुष संस्थानों में योग को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि योग प्रोटोकॉल के बाद आयुष संस्थानों में योगिक व्यायाम को नियमित रूप से आयोजित करने पर जोर दिया जा रहा है, विशेष रूप से गैर-संचारी रोगों जैसे उच्च रक्तचाप और मधुमेह मेलिटस टाइप-2 से पीड़ति मरीजों के लिए। चिकित्सकों की ओर से योग अभ्यास से पहले और बाद में मरीजों के नैदानिक आंकड़ों को दर्ज किया जा रहा है। योगाभ्यास कार्यक्रम में आयुष विभाग के आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी और योग सहायक उपस्थित थे।

## गांव सुधराना में शिव महापुराण कथा का भंडारे के साथ समापन

- भजनों के माध्यम से बाबा भैया व शिव महिमा का गुणगान किया



**कोसली।** गांव सुधराना की बाबा भैया धाम कमेटी व ग्राम वासियों की ओर से बाबा भैया के वार्षिक उत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित शिव महापुराण कथा का जागरण एवं भंडारे के साथ समापन हो गया। शिव महापुराण कथा के कथा वाचक स्वामी रमणराम महाराज ने नारद जी के मोह की समाप्ति, भगवान विष्णु की उत्पत्ति, शिव तत्व की महिमा व काशी स्थापना की कथा का वर्णन किया। सोमवार रात्रि जागरण का आयोजन किया गया, जिसमें भजन गायक अमित कलानौर व नरेन्द्र कौशिक ने भजनों के माध्यम से बाबा भैया व शिव महिमा का गुणगान किया। मंगलवार को सुबह हवन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

**कार्रवाई** | पुलिस बल की मौजूदगी के कारण डीटीपी की इस कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हो सका

*जिले में चारों ओर भूमाफियाओं का जाल फैला हुआ है*

# रेवाड़ी-रामगढ़ रोड पर चली डीटीपी की जेसीबी दो जगह सात एकड़ की अवैध कॉलोनियां ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीटीपी की टीम अवैध निर्माणों व कॉलोनियों पर लगातार तोड़फोड करने में लगी हुई है, लेकिन अवैध प्लाटिंग करके कॉलोनियां विकसित करने वाले कॉलोनाइजर व डीलरों पर कम असर पड़ रहा है। मंगलवार को डीटीपी की ओर से रेवाड़ी-रामगढ़ रोड पर 4 एकड़ में अवैध रूप से विकसित हो रही कॉलोनी को जेसीबी से ध्वस्त किया गया। इसके अलावा डीटीपी की ओर से शहर की राजस्व सीमा में 3 एकड़ में अवैध कॉलोनी पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई। डीटीपी विभाग की टीम मंगलवार को पुलिसबल व ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ रेवाड़ी-रामगढ़ रोड पर पहुंची। जहां डीटीपी की टीम ने करीब 4 एकड़ जमीन पर विकसित हो रही अवैध कॉलोनी में 18 डीपीसी, 3 चारदीवारी व अवैध निर्माणों पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की। डीटीपी की टीम ने शहर की राजस्व सीमा में 3 एकड़ में विकसित हो रही अवैध कॉलोनी में कच्चे रोड नेटवर्क को ध्वस्त किया। पुलिस बल की मौजूदगी के कारण डीटीपी की इस कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हो सका। चारों ओर भूमाफियाओं का जाल फैला हुआ है। कई डीलर खरीददारों को कॉलोनी नियमित होने का झांसा देकर प्लॉट बेच रहे हैं।






रेवाड़ी। अवैध निर्माण तोड़ते हुए डीटीपी की जेसीबी व अवैध निर्माण तोड़ते हुए डीटीपी की जेसीबी। फोटो :हरिभूमि

#### प्रॉपर्टी डीलरों के चंगुल में न फंसे लोग

डीटीपी मंदीप सिहाग ने कहा कि विभाग की ओर से अनियमित कॉलोनियों में निर्माण करने वालों पर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। लोग प्रॉपर्टी डीलरों में चंगुल में फंसकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदते हैं। लोग प्लॉट खरीदने से पहले उनके कार्यालय में आकर पूछताछ जरूर करें। जब वह निर्माण शुरू करते हैं, तो विभाग की ओर से उन्हें गिराने की कार्रवाई की जाती है, जिसके बाद उन्हें आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ता है। ऐसे में अपनी गाढ़ी कमाई को बचाने के लिए लोग वैध कॉलोनियों में ही प्लाट खरीदें।